10th ②

32 PAGES ANSWER BOOK

विषय Subject : सामाजिक विज्ञान

विषय कोड Subject Code : 3 0 0

परीक्षा का दिनांक / Date of Exam : 2 6 0 2 2 4

उत्तर देने का माध्यम
Medium of answering the paper : हिन्दी

प्रश्न पत्र का सेट
Set of the Question paper : A

गोले भरने हेतु उदाहरण :–
सही तरीका :–
● ○ ○ ○
गलत तरीका :–
⊗ ⊘ ○ ◐ ◉ ○

नोट :–
इस शीट को भरने के पूर्व पृष्ठ भाग में दिए गए उदाहरण देखें।

ID NO. 6529334
SUB. 300 SOCIAL SCIENCE
Med. HINDI pkt. 4
Bag. 73001419

केवल मूल्यांकनकर्ता के उपयोग हेतु!

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

32 पृष्ठीय

केवल परीक्षक द्वारा भरा जावे। प्रश्न क्रमांक के सम्मुख प्राप्तांकों की प्रविष्टी करे।

प्रश्न क्रमांक	पृष्ठ क्रमांक	प्राप्तांक (अंकों में)	प्रश्न क्रमांक	पृष्ठ क्रमांक	प्राप्तांक (अंकों में)
1			17		
2			18		
3			19		
4			20		
5			21		
6			22		
7			23		
8			24		
9			25		
10			26		
11			27		
12			28		
13					
14					
15					
16					

परीक्षक एवं उपमुख्य परीक्षक द्वारा भरा जावे ↓

प्रमाणित किया जाता है कि अन्दर के पृष्ठों के अनुरूप मुख्य पृष्ठ पर अंकों की प्रविष्टी एवं अंकों का योग सही है।

निर्धारित मुद्रा : नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर, परीक्षक क्रमांक एवं पदांकित संस्था के नाम की मुद्रा लगाएं।

उप मुख्य परीक्षक के हस्ताक्षर एवं निर्धारित मुद्रा	परीक्षक के हस्ताक्षर एवं निर्धारित मुद्रा
KIRAN YADAV V. No. -74826 G.H.S. Gwara	Ram Pyari Uikey V.No. -74937 Govt. H.S. Girls Babaliya

EDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARY ... MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 1

उत्तर → (i) दूसरा
(ii) जर्मनी में
(iii) 1928 में
(iv) मार्टिन लूथर
(v) स्त्री और पुरुष के बीच जैविक अंतर
(vi) सहकारी समितियाँ

B

E

प्रश्न - 2

उत्तर → (i) सन् 1968
(ii) केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड
(iii) मैटरनिख
(iv) जातिवाद
(v) समानता
(vi) नवीकरणीय

बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन मध्यप्रदेश भोपाल
BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 3

उत्तर > (i) असत्य
(ii) सत्य
(iii) सत्य
(iv) सत्य
(v) सत्य
(vi) सत्य

प्रश्न - 4

(a) संयुक्त वन प्रबंधन - ओडिशा
(b) इलेक्ट्रानिक राजधानी - बेंगलुरु
(c) लेबर पार्टी - ब्रिटेन
(d) रिपब्लिकन पार्टी - संयुक्त राष्ट्र अमेरिका
प्राथमिक क्षेत्रक - कृषि, खनन, डेयरी, मत्स्यन
तृतीयक क्षेत्रक - परिवहन, भंडारण, संचार, बैंकिंग

EDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION ONDARY

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 5

उत्तर → (i) वे उद्योग जो उपभोक्ताओ को सीधे वस्तुएँ उपलब्ध कराते है, उपभोक्ता उद्योग कहलाते है।

(ii) भाई भौंसले एक उद्योगपति तथा व्यापारी थे।

(iii) असम का लोकप्रिय गीत ओ मोर अपुनर देश बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने लिखा।

(iv) बेल्जियम मे सामुदायिक सरकार का चुनाव भाषा के आधार पर समुदाय समूहो द्वारा होता है

(v) मानव विकास सूचकांक संयुक्त राष्ट्र विकास प्रणाली (UNDP) संस्था जारी करती है।

(vi) विश्व व्यापार संगठन का ध्येय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना और मुक्त व्यापार की सुविधा देना।

BSE

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्न- 6

उत्तर> जब भूमि कृषि करने योग्य नही रह जाती है तो, ऐसी स्थिति को भूमि निम्नीकरण कहते है। भूमि निम्नीकरण वृक्षो की कटाई, अत्यधिक पशु चारण, भारी वर्षा आदि कारणो से होती है। इन कारणो से भूमि की ऊपरी सतह कृषि करने योग्य नही रह पाती।

BSE

प्रश्न - 7

उत्तर> रोपण कृषि की दो विशेषताएँ निम्नलिखित है:-

(i) इस प्रकार की कृषि भूमि के लंबे-चौड़े क्षेत्र मे की जाती है।

(ii) यह कृषि अधिक उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक औजारो, रासायनिक उर्वरको आदि की सहायता से की जाती है।

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 8 (अथवा)

उत्तर → सहकारी उद्योग उत्पादन की पूर्ति करने वाले उत्पादको, श्रमिको या दोनो की सहायता से चलाए जाते है। इन उद्योगो मे लाभ - हानि का विभाजन आनुपातिक होता है। जैसे - मुंबई मे सूती उद्योग।

B
S
E

प्रश्न - 9

उत्तर → उत्तर पूर्वी राज्यो मे वायु परिवहन अधिक महत्त्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि वहाँ अधिकतर प्राकृतिक आपदाओ की स्थिति बनी रहती है जैसे - बाढ़, भूकंप, महामारी आदि। चूँकि वायु परिवहन बहुत अधिक उपयोगी है। जब किसी क्षेत्र मे बाढ़ आ जाती है तो वायु परिवहन के द्वारा लोगो को बचाया जाता है तथा सु उन्हे सुरक्षित स्थानो पर पहुँचाया जाता है। वायु परिवहन से लोगो को खाना, दवाईयाँ कपड़े आदि जरूरत मंद चीजे पहुँचाई जाती है। इसी स्थितियो मे केवल वायु परिवहन ही काम आता है, अन्य परिवहन नही।

BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्न-10 (अथवा)

उत्तर → औपनिवेशिक शासन काल के दौरान मजदूरो को बागानो मे काम करने के लिए फिजी, गुयाना, वेस्टइंडीज आदि स्थानो से ले जाया जाता था। इन मजदूरो को एक एग्रीमेंट के तहत ले जाया जाता था। मजदूर इस एग्रीमेंट को गिरमिट कहते थे। आगे चलकर इन मजदूरो को गिरमिटिया मजदूर कहा जाने लगा।

B S E

प्रश्न - 11 (अथवा)

उत्तर → प्रथम विश्व युद्ध को औद्योगिक युद्ध इसलिए कहते है क्योंकि इस युद्ध के लिए आवश्यक वस्तुओ की पूर्ति करने हेतु भारी मात्रा मे उद्योगो की स्थापना की गई। मजदूरो को दिन-रात इन उद्योगो मे गोला, बम, बारूद, बंदूके आदि हथियार बनाने के लिए लगा दिया गया था। इस युद्ध के कारण औद्योगिक बढ़ गया था किन्तु सिर्फ हथियारो का उत्पादन बढ़ा था बाकि अन्य वस्तुओ का उत्पादन घट गया था।

योग पूर्व पृष्ठ

BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 12 (अथवा)

उत्तर → गुमास्ता के दो कार्य निम्नलिखित हैं :-

(i) गुमास्ता ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा नियुक्त किए गए वेतनभोगी कर्मचारी थे जो बुनकरो पर निगरानी रखते थे।

(ii) माल इकट्ठा करना और कपड़ो की गुणवत्ता की जाँच करना गुमाश्ता का ही कार्य था।

B E

प्रश्न - 13 (अथवा)

उत्तर → राष्ट्रवादी समाचार पत्रो के दमन मे वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट की बहुत बड़ी भूमिका थी। आइरिश कानून के तर्ज पर वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट बनाया गया था जो सरकार को भाषाई प्रेस मे छपी रिपोर्ट और संपादकीय को सेंसर करने के लिए उपयोग किया जाता था। अब इस एक्ट के बाद सरकार विभिन्न प्रदेशो मे छपने वाले भाषाई समाचार पत्रो पर निगरानी रखने लगी थी। इस एक्ट का मुख्य उद्देश्य उन प्रेसो पर प्रतिबंध लगाना जो ब्रिटिश सरकार के विरुद्द जनता मे असंतोष की भावना पैदा करते है।

BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्न -14 (अथवा)

उत्तर→ शपथ पत्र एक ऐसा दस्तावेज है जिसमे किसी व्यक्ति के बारे मे निजी जानकारी होती है और वह उसे सही होने के बारे मे शपथ लेता है। यह वैधानिक घोषणा-पत्र है।

B
S
E

प्रश्न - 15

उत्तर→ लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था एक ऐसी शासन व्यवस्था है जिसमे जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियो का शासन होता है।

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अन्य शासन व्यवस्था से बेहतर निम्न कारणो से है:-

(i) यह व्यक्तियो की गरिमा को बढ़ाता है और उनमे मे समानता की भावना विकसित करता है।

(ii) इसमे शासन व्यवस्था मे गलतियो को सुधारने की गुंजाइश होती है।

(iii) यह लोगो के बीच मे टकराव की स्थिति को कम करती है।

मध्यप्रदेश

प्रश्न क्र.

प्रश्न -16

उत्तर → संगठित क्षेत्रक की दो विशेषताएँ निम्न है:-

(i) संगठित क्षेत्रक मे रोजगार की अवधि के नियमित होती है।

(ii) इस क्षेत्रक मे अधिक काम करने पर अतिरिक्त रोजगार उपलब्ध कराया जाता है।

B
S
E

प्रश्न - 17

उत्तर → वैश्वीकरण को बढ़ावा देने वाले कारक निम्न है :-

① तकनीक → आज वर्तमान स्थिति मे संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से वैश्वीकरण की प्रक्रिया और अधिक तीव्र हो गई है।

② बहुराष्ट्रीय कंपनियो का विस्तार → बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ बहुत सारे देशो मे उत्पादन करती है और उन पर नियंत्रण रखती है। यह भी वैश्वीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देती है।

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

③ उदारीकरण → उदारीकरण वैश्वीकरण को प्रोत्साहित करने वाला मुख्य कारक है। उदारीकरण की प्रक्रिया देशो को बिना प्रतिबंध के व्यापार करने की सुविधा देती है।

प्रश्न - 18 (अथवा)

उत्तर → जैव विविधता मे विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षी, जीव-जंतु, वनस्पति -जात तथा मनुष्यो की अनेक जातियाँ तथा उपजातियाँ पाई जाती है अर्थात वन तथा वन्य जीव-जंतु के सम्मिलित रूप को जैव-विविधता कहते है।

जैव विविधता मानव जीवन के लिए बहुत आवश्यक तथा महत्त्वपूर्ण है। जैव-विविधता से ही मनुष्यो की आवश्यकताओ की पूर्ति होती है। जैव-विविधता के कारण ही पृथ्वी पर मानव जीवन का अस्तित्व अभी तक बना हुआ है अन्यथा अब तक नष्ट हो चुका होता।

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 19

उत्तर →

संघात्मक शासन व्यवस्था	एकात्मक शासन व्यवस्था
① संघात्मक शासन व्यवस्था मे दो स्तर की सरकारे होती है, केंद्र तथा प्रांतीय।	① एकात्मक शासन व्यवस्था मे केवल एक स्तर की सरकार होती है, केंद्र सरकार।
② इस शासन व्यवस्था मे केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार दोनो के पास अपनी - अपनी अलग शक्तियाँ होती है।	② एकात्मक शासन व्यवस्था मे शासन की सारी शक्तियाँ केंद्र सरकार के पास होती है बाकी ईकाईयाँ इसके अधीन काम करती है।
③ संघात्मक शासन व्यवस्था मे संविधान संशोधन की प्रक्रिया जटिल होती है।	③ इस शासन व्यवस्था मे संविधान संशोधन की प्रक्रिया बहुत सरल होती है।
④ इस शासन व्यवस्था मे विवाद की स्थिति पर सर्वोच्च न्यायालय निर्णायक की भूमिका निभाता है।	④ चूँकि इस शासन व्यवस्था मे केवल एक सरकार होती है इसलिए विवाद होने की कम संभावना होती है।

BSE

SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL BOARD OF SECONDARY

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 20

उत्तर → बैंक कुछ कर्जदारो को कर्ज देने के लिए निम्न कारणो से तैयार नही होते :-

① आवश्यक कागजात की कमी → कुछ लोग ऋण की शर्ते पूरी नही कर पाते इस कारण बैंक उनको कर्ज देने से मना करता है।

② ऋणाधार की कमी → कुछ लोगो के पास बैंक मे गिरवी रखने के लिए कुछ नही होता इस कारण से वे बैंक से कर्ज नही ले पाते।

③ कर्जजाल की स्थिति → कुछ निर्धन व्यक्ति या गरीब किसान पहले से ही कर्ज मे डूबे रहते है इसलिए बैंक को यह भय बना रहता है कि यह लोग समय पर कर्ज चुका पाऐंगे या नही।

BSE

पृ.14 के अंक कुल अंक
BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 21 (अथवा)

उत्तर→ भारत मे रेल परिवहन के वितरण को प्रभावित करने वाले चार कारण निम्नलिखित है :-

(1) बिना टिकट यात्रा → कुछ लोग रेलो मे बिना टिकट के यात्रा करते है जिससे रेलवे विभाग को भारी घाटा होता है रेलवे विभाग को प्रतिवर्ष 12 करोड़ का नुकसान उठाना पड़ता है।

(2) दुर्घटना की स्थिति → रेलवे लाइन मे गड़बड़ी होने के कारण रेल का एक्सीडेंट हो जाता है और लाखो लोग मारे जाते है और रेलवे विभाग को करोड़ो का नुकसान हो जाता है।

(3) आतंकवाद → देश मे हमेशा आतंकवाद की स्थिति मे रेलों को निशाना बनाया जाता है जिससे भारी मात्रा नुकसान होता है - रेलवे और यात्रियो दोनो का।

(4) चोरी → आजकल रेलों मे चोरी - चकारी बढ़ गयी है। लोग चोरी करके चैन खींचकर भाग जाते है। इस सबकी भरपाई भी रेलवे विभाग को करनी पड़ती है।

BOARDOFSECONDARYEDUCATION,MADHYAPRADESH,BHOPAL

प्रश्न क्र.

प्रश्न - 22

उत्तर → प्रथम विश्व युद्ध जो कि सन् 1914 से 1918 तक चला था। यह युद्ध दो खेमो के बीच लड़ा गया था, मित्र राष्ट्र और केंद्रीय शक्तियों के बीच। प्रथम विश्व युद्ध ने भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के विकास मे अहम भूमिका निभाई है। इस युद्ध ने भारतियो मे राष्ट्रवाद की भावना को विकसित किया है। प्रथम विश्व युद्ध मे सैनिको की पूर्ति के लिए भारत से कई सैनिको को प्रथम विश्व युद्ध की सेना मे भरती किया गया। भारतीय सैनिको ने वहाँ सीखा कि किस प्रकार एकजुट होकर अपने देश की रक्षा की जाती है। प्रथम विश्व युद्ध ने भारतीय सैनिको मे एकता की भावना को विकसित किया। जब प्रथम विश्व युद्ध समाप्त हुआ तो जो भारतीय वहाँ सेना मे भर्ती हुए थे, जब वे वापस लौटकर भारत आए तो उनमे कुछ अलग ही जोश था। वे अपनी राष्ट्र की आजादी को लेकर बहुत ज्यादा जोश मे थे। उन्होने यहाँ आकर लोगो मे राष्ट्रवाद की भावना को विकसित किया। जगह-जगह पर राष्ट्रीय आंदोलन होने लगे। भारतीयो ने ब्रिटिश सरकार के प्रति असंतोष की भावना जताई अपने स्वराज की मांग करने लगे। अब भारतीय लोग ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्र राष्ट्र की मांग करने लगे और ब्रिटिश सरकार के आदेशो को अनदेखा करने लगे। प्रथम विश्व युद्ध

B S E

BOARD OF SECONDARY EDUCATION, MADHYA PRADESH, BHOPAL

प्रश्न क्र.

के कारण भारत मे अनेक राष्ट्रीय आंदोलन हुए जैसे कि असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन, सत्याग्रह आदि। अब भारतीय लोग स्वतंत्र राष्ट्र की चाह मे ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध असंतोष की भावना जताने लगे थे। इस प्रकार प्रथम विश्व युद्ध ने भारत के राष्ट्रीय आंदोलन के विकास मे अहम योगदान दिया।

L
S
E

प्रश्न - 23

Roll No. 1472[redacted]